3145(E)
12/05/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 12/5/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, लखीसराय के अन्तर्गत Construction of Some Nadi to Santnand School on Halsi Tarhari Road via Noma for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–19.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–987 दिनांक–20.03.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1291(अनु०) दिनांक–21.04.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–21.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Some Nadi to Santnand School on Halsi Tarhari Via Noma for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, लखीसराय। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1888.85 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–7874(एस०) दिनांक–10.09.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1603.21 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय नियपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–174(अनु०) दिनांक–04.05.2026 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹1587.99223 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 28.01.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लिये जाने के कारण पुनर्निविदा आमंत्रित की गई।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 02 (दो) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. (2) JKA Associates Pvt. Ltd.

4. दिनांक–19.03.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. SBD ITB Cl. 4.7 के तहत् एवं (2) JKA Associates Pvt. Ltd. को SBD Section-4 के Clause-16 के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–987 दिनांक–20.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–19.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–28.03.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1291(अनु०) दिनांक–21.04.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–21.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवाद** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. के पत्रांक–0 दिनांक–28.03.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. | विषयांकित कार्य हेतु मैंने निविदा दिया था। दिनांक–19.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति बैठक की कार्यवाही में मुझे SBD ITB Clause 4.7 के तहत् बीड कैपेसिटी की न्यूनतम वाँछित अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण असफल घोषित किया गया है। बैजनाथ निर्माण इंडिया प्रा० लि० का वर्त्तमान में ₹2,52,76,07,389.00 रुपया का | SBD ITB Cl.-4.7 Existing Commitment of Ongoing Work, संयुक्त सचिव (प्रबंधन कोषांग), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–6158 (S) दिनांक–09.07.2014 के अनुसार द्वितीय प्रक्रम के अन्तर्गत है। जिसके आलोक में परिवाद के साथ समर्पित Existing Commitment of Ongoing Work का | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कार्य का Ongoing works/Existing Commitment निविदा में संलग्न किया गया है। जबकि Ongoing में वर्णित सभी कार्यों में काफी कार्य मेरे द्वारा कराया गया है। अनेक कार्य में कराये गये कार्य के एवज में मुझे भुगतान भी प्राप्त हुआ है। कई कार्यों में आवंटन के आभाव में भुगतान नहीं हुआ है, फिर भी मेरे द्वारा ऑनगोईंग वर्क्स के गणना के लिए पुरा एकरारनामा की राशि ले ली गई है क्योंकि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–7930(ई०) दिनांक–26.11.2025 के आलोक में सक्षम पदाधिकारी से Existing Commitment निर्गत नहीं कराये जाने के कारण ऐसा किया गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में कंडिका (2) के (2.7) में मात्र 6 माह कार्य समाप्ति की अवधि दर्शाया गया है। परन्तु अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, मुंगेर के द्वारा पत्रांक–64 दिनांक–15.01.2026 के आलोक में कार्य समाप्ति की तिथि में सुधार करते हुए इसे 6 माह से बढ़ाकर 12 माह किया गया था। उल्लेखनीय है कि मेरे कंपनी द्वारा अन्य फर्म/कंपनी/व्यक्ति के साथ Joint Venture बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिसका वर्तमान समय में कुल राशि 2551622087 रूपया | संबंधित प्रमाण पत्र को निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–28.01.2026 तक Remaining कार्य का Value एवं Stipulated time सत्यापन हेतु उपभागीय पत्रांक–1090 (अनु०) दिनांक–01.04.2026 द्वारा अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मुंगेर को निदेशित किया गया। तदालोक में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय द्वारा पत्रांक–300, 301, 302, 303, 304, 305, 306, 307, 308, 309, 310, 311, 312, 313, 314, 315, 316, 317, 318, 319, 335, 336, 337, 338, 339, 340 एवं 341 (अनु०), दिनांक–02.04.2026 द्वारा संबंधित विभागों से दिनांक 28.01.2026 "जो कि निविदा की अंतिम तिथि है' तक Remaining कार्य की Value एवं Stipulated time की मांग की गई। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा वांछित प्रतिवेदन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लखीसराय को उपलब्ध कराया गया, जिसके अनुसार Existing Commitment of | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | का है। सिर्फ जानकारी के लिए निविदा में Joint Venture कार्य का ब्यौरा संलग्न किया गया था। जो कार्य Joint Venture का है, जिसके लिए अलग से पैन नं० अलग से जीएसटी नं० लिया गया है, क्योंकि Joint Venture एक अलग ही फर्म होता है। आयकर विभाग और जीएसटी विभाग में इसकी अलग मान्यता होती है। इसलिए Joint Venture के कार्य को बैजनाथ निर्माण इंडिया प्रा०लि० के कार्य में जोड़कर बीड कैपेसिटी की गणना करना उचित प्रतीत नहीं होता है।<br>अतः उपरोक्त के आलोक में कार्य समाप्ति की समय 12 माह करके बैजनाथ निर्माण इंडिया प्रा० लि० के Ongoing works/ Existing Commitment की राशि ₹2,52,76,07,389 रूपया से गणना करके बीड कैपेसिटी का निर्धारण कार्यहित में करने की कृपा करेंगे। यह निविदा दो बार पूर्व में भी रद हो चुका है। इसलिए कायहित में 2025–26 वित्तीय वर्ष में प्रकाशित निविदा को मान्यता देते हुए मेरी निविदा को तकनीकी रूप से योग्य करने की कृपा करेंगे। | Ongoing Work की पुनः जाँच की गई। जाँचोपरान्त Existing Commitment of Ongoing Work की राशि ₹47876.57297 लाख (updated to the price level of the year 2025-26) मात्र है। इसमें Joint Venture में कराये गये कार्यों को भी शामिल किया गया है। तदनुसार Bid Capacity ₹6809.02 लाख आता है, जो कि वांछित Bid Capacity ₹1587.99 लाख से अधिक है।<br>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में कंडिका (2) के (2.7) में टंकन भूलवश कार्य समाप्ति अवधि 12 माह के स्थान पर 06 माह अंकित हो गया है, जिसे सुधार कर दिया गया है।" | |

**7. परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उक्त दो निविदाकार यथा (1) M/s Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं (2) JKA Associates Pvt. Ltd. को SBD Section-4 के Clause-16 के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–28.03.2026 द्वारा दिए गए परिवाद को मान्य किया जाता है।

(ii) JKA Associates Pvt. Ltd. को SBD Section-4 Contract Data (Praforma of Schedule) के Clause-16 के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

(iii) एकल निविदाकार यथा Baijnath Nirman India Pvt. Ltd. को बिहार लोक निर्माण संहिता–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–987 दिनांक–20.03.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–19.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

12/5/26

(राजकुमार)
मुख्य अभियंता,
दक्षिण, पथ निर्माण
विभाग, बिहार, पटना।

12/5/26

(राजेश कुमार गुप्ता)
मुख्य अभियंता, संविदा
प्रबंधन, नीतिगत मामले
एवं लेखा परीक्षा,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

12/05/26

(अनिल कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख
(मुख्यालय),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

12/05/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–27/2026 3145(E) पटना, दिनांक 12/05/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/05/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।